परेशानी | यात्रियों को मजबूरी में सीढ़ियों का सहारा लेना पड़ रहा

# मुख्य स्टेशन की लिफ्ट हफ्तेभर से खराब

**जबलपुर, नवभारत।** जबलपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर यात्रियों की सुविधा के लिए लगाई गई लिफ्ट पिछले आठ दिनों से तकनीकी खराबी के कारण बंद पड़ी है। प्लेटफॉर्म नंबर एक से फुटओवर ब्रिज तक का सफर तय करने के लिए यात्रियों के लिए लिफ्ट ही सबसे सुगम और एकमात्र सहारा होती है। वर्तमान स्थिति में लिफ्ट के बंद होने से है। यात्रियों को मजबूरी में सीढ़ियों का सहारा लेना पड़ रहा कई बुजुर्ग यात्रियों को अपने भारी-भरकम सामान के साथ सीढ़ियां चढ़ने में शारीरिक कष्ट और भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है रेल प्रशासन की इस कथित लापरवाही ने यात्रियों, विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों और शारीरिक रूप से अक्षम लोगों के लिए स्टेशन परिसर में आवाजाही को एक बड़ी चुनौती बना दिया है। एक ओर जहां रेलवे विभाग यात्रियों को विश्वस्तरीय और आधुनिक सुविधाएं प्रदान करने का निरंतर दावा करता है, वहीं जमीनी स्तर पर वस्तुस्थिति इसके विपरीत नजर आ रही है।




### दिव्यांग यात्रियों की बढ़ी परेशानी

लिफ्ट का संचालन बंद होने से सबसे अधिक परेशानी सीनियर सिटीजन, दिव्यांगों और महिला यात्रियों को उठानी पड़ रही है। कई बुजुर्ग यात्रियों को अपने भारी-भरकम सामान के साथ सीढ़ियां चढ़ने में शारीरिक कष्ट और भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है मुख्य प्लेटफॉर्म पर स्थित इस महत्वपूर्ण लिफ्ट के लंबे समय तक बंद रहने से संबंधित विभाग की सुस्त कार्यप्रणाली और उदासीनता स्पष्ट रूप से उजागर हो रही है।

कई बुजुर्ग यात्रियों को अपने भारी-भरकम सामान के साथ सीढ़ियां चढ़ने में शारीरिक कष्ट और भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

स्टेशन पर मौजूद कुछ यात्रियों ने अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए बताया कि लिफ्ट खराब होने की वजह से उन्हें अन्य लोगों की मदद लेकर किसी तरह प्लेटफॉर्म तक पहुंचना पड़ता है। विशेष रूप से उन यात्रियों के लिए स्थिति और भी विकट हो जाती है जो अकेले यात्रा कर रहे हैं या जिनके पास सामान ज़्यादा है।

### ठीक कर राहत प्रदान की जाए

यात्रियों का कहना है कि रेलवे द्वारा स्टेशनों को आधुनिक बनाने और वहां उन्नत सुविधाएं उपलब्ध कराने के बड़े-बड़े वादे तो किए जाते हैं, लेकिन जब इन सुविधाओं के रख-रखाव की बारी आती है तो जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया जाता है। आठ दिनों से लिफ्ट का बंद होना यह दर्शाता है कि यात्रियों की समस्याओं के समाधान को लेकर प्रशासन गंभीर नहीं है। शिकायतों के बावजूद रेलवे के संबंधित विभाग द्वारा अब तक लिफ्ट को पुन: चालू करने की दिशा में कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया है। प्लेटफॉर्म नंबर एक जैसे व्यस्त स्थान पर इस तरह की अव्यवस्था से रेलवे की छवि पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। यात्रियों ने रेल प्रशासन से पुरजोर मांग की है कि इस समस्या का तत्काल संज्ञान लिया जाए और प्लेटफॉर्म नंबर 1 की लिफ्ट को युद्धस्तर पर ठीक करवाकर यात्रियों को राहत प्रदान की जाए।

## तेज रफ्तार कार ने दो युवकों को मारी टक्कर

जबलपुर। मझौली थाना अंतर्गत सिमरिया रोड पर एक अनियंत्रित कार चालक ने हुए पैदल जा रहे दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें इलाज के लिए जबलपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, अमखेरा गोहलपुर निवासी अशोकदास बैरागी (30) अपने साथी ओमप्रकाश परते, पदम सिंह परते और भाई जगदीश बैरागी के साथ मझौली में एक शादी समारोह में खाना बनाने का काम करने आए थे। घटना उस समय हुई जब जगदीश बैरागी और पदम सिंह सिमरिया रोड की तरफ पैदल टहलने निकले थे। तभी मझौली की ओर से आ रही कार क्रमांक एमपी 20 सीजी 1337 के चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए सिमरिया रोड ब्रेकर के पास दोनों को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे और उनके हाथ-पैरों में गंभीर चोटें आईं। पुलिस फरार चालक की तलाश में जुट गई है।




# जबलपुर के सिहोरा-पनागर में पेट्रोल-डीजल के लिए मची अफरा-तफरी, खाली हाथ लौट रहे लोग

▸ ईरान-इजरायल युद्ध का असर

**नवभारत, सिहोरा।** वर्तमान में जारी इजरायल और ईरान के बीच भीषण युद्ध के चलते अब स्थानीय स्तर पर ईंधन संकट की अफवाहें तेज हो गई हैं। विश्व स्तर पर गहराते इस तनाव की खबर मिलते ही जबलपुर जिले के सिहोरा और पनागर क्षेत्रों के पेट्रोल पंपों पर अचानक भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। लोग युद्ध के डर से अपनी गाड़ियों की टंकियां फुल कराने और डिब्बों में तेल भरने के लिए होड़ मचा रहे हैं, जिसके कारण कई पंपों पर स्टॉक खत्म हो गया है और वाहन चालकों को मजबूरन खाली हाथ (बैरिंग) लौटना पड़ रहा है।

### हकीकत : शहपुरा भिटौनी प्लांट में स्टॉक की कोई कमी नहीं

प्रशासन और तेल कंपनियों ने साफ किया है कि जिले में ईंधन की कोई वास्तविक किल्लत नहीं है। स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है क्योंकि सप्लाई चैन सुरक्षित: जिले की पूरी सप्लाई शहपुरा भिटौनी स्थित डिपो (प्लांट) से होती है, जहाँ पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है।

**निरंतर आपूर्ति :** प्लांट से टैंकरों की रवानगी सामान्य रूप से जारी है और सभी पंपों तक तेल पहुँचाया जा रहा है।

**पैनिक बाइंग:** पंपों पर भीड़ केवल अफवाह और डर की वजह से है, न कि तेल की कमी के कारण।

**प्रशासन का संदेश:** 'लोग अफवाहों पर ध्यान न दें। शहपुरा भिटौनी प्लांट से सप्लाई निरंतर जारी है। पैनिक होकर जरूरत से ज्यादा तेल का स्टॉक न करें, इससे अनावश्यक भीड़ और अव्यवस्था पैदा हो रही है।'

### अफवाहों के बीच मुनाफ़ाखोरों की चांदी

इस अफरा-तफरी का फायदा कुछ स्थानीय दुकानदार और बिचौलिए उठा रहे हैं। तेल की कमी का डर दिखाकर बोतलों में पेट्रोल ऊंचे दामों पर बेचा जा रहा है। जहाँ एक तरफ आम जनता परेशान है, वहीं दूसरी ओर इस संकट के माहौल में कुछ लोगों की जमकर 'चांदी' कट रही है।

## महिला की हुई पहचान, कातिल नहीं मिला

**जबलपुर।** लार्डगंज थाना अंतर्गत रानीताल ईदगाह के पास रविवार को गला रेत कर हुई महिला की हत्या करने वाला अब भी पुलिस गिरफ्त से दूर है लेकिन मृतिका की पहचान कर ली गई है। जांच में यह बात सामने आई कि 6 मार्च से वे लापता था और आठ मार्च को उसका शव मिला था। अब पुलिस कातिल का पता लगाने में जुटी है। विदित हो कि रानीताल ईदगाह के पास रविवार सुबह एक महिला का शव पड़ा मिला था। मृतिका की धारदार हथियार से हमला कर हत्या की गई थी। जिसकी गर्दन और पेट में चोट के निशान मिले थे। पुलिस ने रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया था। महिला कौन है और कहां की रहने वाली है इसका पता नहीं चलने पर मृतिका की पहचान के लिए उसकी फोटो थानों में शेयर की गई बल्कि गुमशुदगी रिकॉर्ड भी खंगाले गए लेकिन पहचान नही हो पा रही थी। हालांकि गुरूवार को मृतिका की पहचान पल्लवी परिहार उर्फ सीता 30 वर्ष निवासी गढ़ा के रूप में हुई है। मृतिका पति सुशील परिहार और दो बेटो तीन वर्ष, 6 वर्ष के साथ रहती थी ।6 मार्च को बिना बताये घर से निकली थी। जिसकी हत्या कर दी गई थी। कातिल कौन है इसका अब तक पता नहीं चल सका है ।अंधी हत्या को सुलझाने के लिए क्राइम ब्रांच के साथ थाना पुलिस जुटी हुई है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही कातिल पुलिस गिरफ्त में होगा जिसके बाद ही हत्या का कारण पता चल सकेगा ।

# धान भुगतान को लेकर कांग्रेस का उग्र विरोध

▸ मुख्यमंत्री व विधायक का पुतला दहन कर जताया आक्रोश

**मझौली, नवभारत।** मझौली तहसील के सामने धान की फसल के भुगतान की मांग को लेकर किसान पिछले एक माह से अधिक समय से धरने पर बैठे हैं। किसानों को अब तक भुगतान नहीं मिलने से नाराजगी लगातार बढ़ती जा रही है। किसानों के समर्थन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को मझौली के पोला तिराहा में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री व क्षेत्रीय विधायक का पुतला दहन कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की ।इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि शासन-प्रशासन किसानों की समस्याओं को गंभीरता से नहीं ले रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही धान का बकाया भुगतान नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा तथा आने वाले दिनों में जबलपुर कलेक्टर कार्यालय का घेराव कर बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।




## बेलखाड़ू में श्रीमद भागवत कथा जारी

**नवभारत, बेलखाड़ू (जबलपुर)।** कटंगी रोड बेलखाड़ू सरकारी स्कूल के पीछे मोहल्ले में सार्वजनिक श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह के संगीतमय आयोजन 10 मार्च को कलश शोभायात्रा के ग्राम भ्रमण से प्रारंभ हुआ था। मोहल्ले के लोगों ने एक राय होकर सार्वजनिक रूप से कथा की व्यवस्थाएं की, जहां कथा पुराण का वाचन अभिषेक दीक्षित श्याम नंदन महाराज वृंदावन धाम द्वारा श्रोताओं के समक्ष किया जा रहा है। आज दोपहर से शाम तक ध्रुव चरित्र, वामन अवतार प्रसंग पर व्यास पीठ से विस्तारित कथा प्रवाहित की गई।



## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलखाड़ू में हुआ एचपीवी वैक्सीनेशन

**नवभारत, बेलखाड़ू।** सर्वाइकल कैंसर के विरुद्ध राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान के तहत् मुख्य चिकित्सा एवं स्वस्थ अधिकारी डॉ संजय मिश्रा , जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ विनोद गुप्ता, मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय जैन के निर्देशन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलखाड़ू में निर्धारित उम्र समूह की बच्चियों को गर्भाशय एवं ग्रीवा कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी वैक्सीनेशन किया गया । यह वेक्सीन पूर्ण रूप से नि:शुल्क एवं सुरक्षित रहा। इस अवसर डॉ पीयूष द्विवेदी, डॉ निशिमा सिद्दीकी, दसोदा ठाकुर ,अध्यक्ष( जन आरोग्य समिति),अजय चौबे, राकेश वर्मा , वीरेंद्र पटेल, मैनुका केवट, सुषमा परधी, रेखा पटेल सहित अन्य उपस्थित रहे।

बकाया बिल जमा नहीं करने पर लाइन कटी तो बौखलाया आरोपी, प्रकरण दर्ज

# जेई को धमकाया, दफ्तर में घुसकर किया हंगामा

**जबलपुर।** विद्युत वितरण कंपनी के शहर संभाग (पश्चिम) कार्यालय में उस वक्त हड़कंप मच गया जब बकाया बिल जमा न करने पर लाइन काटने पर एक उपभोक्ता का दामाद बौखला गया और कनिष्ठ अभियंता (जेई) के कक्ष में घुसकर अभद्रता करते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी दी। ओमती पुलिस ने शासकीय कार्य में बाधा डालने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कनिष्ठ अभियंता गौतम मुखर्जी (57) अपने साथी कनिअभि अरुण कुमार मालवीय के साथ प्रगतिशील कॉलोनी में बकाया बिजली बिलों की वसूली के लिए गए थे। यहाँ उपभोक्ता चंद्रशेखर सिंह और सेल्वियाचंदा जोन्स के विभिन्न कनेक्शनों पर कुल 23,403 से अधिक की राशि बकाया थी। विभाग के नियमानुसार टीम ने मौके पर लाइन काटने की कार्यवाही की। उपभोक्ता चंद्रशेखर सिंह का दामाद दर्शन सिंह भाटिया बिजली कार्यालय पहुंचा और कनिष्ठ अभियंता गौतम मुखर्जी के केबिन में घुसकर हंगामा शुरू कर दिया। दर्शन सिंह ने न केवल अभद्रता की, बल्कि जेई को जान से मारने की धमकी भी दी। शोर सुनकर साथी कर्मचारी वेंकट रमन टेंमरे मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर आरोपी को कक्ष से बाहर निकाला।

### अधिकारियों के सामने भी दिखाई धौंस

विवाद यहीं शांत नहीं हुआ। लगभग एक घंटे बाद दर्शन सिंह अपनी पत्नी के साथ कार्यपालन अभियंता दिनेश पाल के कक्ष में पहुंचा वहां भी उन्होंने बिजली काटे जाने को लेकर बहस की। कनिष्ठ अभियंता की शिकायत पर ओमती पुलिस ने शासकीय कार्य में बाधा डालने, धमकाने समेत अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### ग्राम पंचायत सुकरी में नि:शुल्क नेत्र शिविर कल

**सुकरी, नवभारत।** नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन नेत्र शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत सुकरी में 13 मार्च सुबह 11 बजे से लेकर 3 बजे तक के बीच में किया जा रहा है। इस मौके पर सुकरी सरपंच बृजेश पटेल के द्वारा रजिस्ट्रेशन कराए जाएंगे। फिर सुख सागर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रजिस्ट्रेशन किए हुए मरीजों का इलाज होगा ।इस मौके पर मरीजों को आयुष्मान कार्ड एवं आधार कार्ड साथ लेकर आना होगा जिससे उनका नि:शुल्क इलाज किया जाएगा। विदित हो कि सुख सागर मेडिकल कॉलेज अस्पताल जबलपुर में आयुषमान भारत के अंतर्गत इलाज पूरी तरह नि:शुल्क रहेगा।

# गैस सिलेंडर की बढ़ी कीमतों के विरोध में सड़क पर उतरी कांग्रेस




▸ खाली सिलेंडर, बर्तन लेकर किया प्रदर्शन

**नवभारत, जबलपुर।** ग्वारीघाट वार्ड स्थित ललकुआँ पोलीपाथर में गुरूवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रसोई गैस की बढ़ती कीमतों और आपूर्ति के संकट को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ व्यंगात्मक विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन पूर्व मंत्री तरुण भनोत और प्रदेश सचिव गौरव भनोत के मार्गदर्शन में शंकरशाह ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रमोद पटेल और मिंटू मिश्रा के नेतृत्व में संपन्न हुआ। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि घरेलू गैस सिलेंडर के दाम अत्यधिक बढ़ने से आम परिवारों का बजट पूरी तरह गड़बड़ा गया है और महिलाएं गृहस्थी चलाने में असमर्थ महसूस कर रही हैं। आरोप ये भी लगे कि जब देश की जनता महंगाई की मार झेल रही है तब सरकार समाधान ढूंढने के बजाय चुनावी राज्यों के प्रचार में व्यस्त है। इस दौरान खाली सिलेंडरों और बर्तनों के साथ प्रतीकात्मक विरोध दर्ज कराते हुए केंद्र से व्यावहारिक कदम उठाने की मांग की गई। प्रदर्शन के दौरान पार्षद प्रीति अमर रजक, गुड्डू तामशेतवार, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बलवंत सिंह गुर्जर, युवा कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट नितिन सिंह, मिंटू मिश्रा, सुरेंद्र गुप्ता, रूपेश पाठक, लवली ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### चूल्हे पर पकौड़े और चाय बनाकर जताया विरोध

शहर में बढ़ती महंगाई और एलपीजी गैस की किल्लत को लेकर गुरुवार को युवा कांग्रेस ने अनोखा प्रदर्शन किया। मालवीय चौक पर युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष सोनू कुकरेले और कपिल भोजक के नेतृत्व आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चूल्हा जलाकर पकौड़े और चाय बनाते हुए केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया और गैस संकट को लेकर जनता की परेशानियों को सामने रखा। युवा कांग्रेस के निलेश जैन (नीटू) और अभ्युत बाजपेयी ने कहा कि देशभर में एलपीजी गैस की कीमतें लगातार बढ़ती जा रही हैं और कई जगहों पर गैस सिलेंडर की उपलब्धता भी प्रभावित हो रही है। इससे सबसे ज्यादा परेशानी गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को हो रही है। इस अवसर पर शिशिर नन्होरिया, रिंकू बदलानी, नितिन सिंह, भानु यादव, राजा रैकवार, बदल पंजवानी, समीर गढ़वाल, शिशांत सिंह ठाकुर, आशुतोष दुबे, स्वर्णिम समैया, शादाब मंसूरी, शुभम बोहित, अंकुर गुप्ता, पंकज पटेल, देवकी पटेल सहित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

विरोध | दुकान बंद होने के बाद पीछे से बेच रहे शराब

# धनवंतरी नगर चौराहे की शराब दुकान पर देर रात बिक्री




**नवभारत, जबलपुर।** धनवंतरी नगर चौराहे पर स्थित देशी एवं विदेशी कंपोजिट शराब दुकान को लेकर स्थानीय लोगों में नाराज़गी बढ़ती जा रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दुकान बंद होने के बाद भी संचालकों द्वारा पीछे के रास्ते से देर रात तक शराब की बिक्री की जा रही है। बताया जाता है कि यहां रात करीब 2 बजे तक लोगों को शराब उपलब्ध कराई जाती है। सूत्रों ने बताया कि देर रात तक शराब मिलने के कारण दुकान के आसपास असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। कई लोग शराब पीने के बाद वहीं देर रात तक हंगामा करते हुए भी दिखाई देते हैं, जिससे क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा है और आए दिन विवाद की स्थिति बन जाती है।

### खुले में होता है शराब का सेवन

जानकारी के अनुसार शराब दुकान से शराब लेने के बाद कुछ तत्व यहां खुले में ही शराब का सेवन करते हुए भी नजर आते हैं। जिसके कारण देर रात तक यहां भीड़ बने रहने से आसपास रहने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है और क्षेत्र की शांति भी भंग होती है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि समय पर इस पर रोक नहीं लगाई गई तो आने वाले समय में यहां कानून व्यवस्था की समस्या और बढ़ सकती है।

### आधी सड़क तक खड़ी रहती हैं गाड़ियां

शराब दुकान पर आने वाले लोगों के वाहन अक्सर सड़क के किनारे ही खड़े कर दिए जाते हैं। कई बार गाड़ियां आधी सड़क तक खड़ी रहती हैं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी होती है। रात के समय भीड़ अधिक होने के कारण यहां ट्रैफिक जाम की स्थिति भी बन जाती है।

### इनका कहना है



रात तक यहां लोगों की भीड़ लगी रहती है। कई लोग शराब पीकर हंगामा करते हैं, जिससे आसपास के लोगों को परेशानी होती है।

**शंकर बैरागी**



शराब दुकान के बाहर गाड़ियां सड़क तक खड़ी रहती हैं, जिससे ट्रैफिक जाम की समस्या पैदा होती है।

**सुशील वर्मा**

# छोटी लाइन से गौरीघाट तक का मार्ग हुआ अतिक्रमण मुक्त

▸ नर्मदा दर्शन करने वालों को अब मिलेगी जाम से मुक्ति




**नवभारत, जबलपुर।** मां नर्मदा के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम ने छोटी लाइन फाटक से गौरीघाट तक के मार्ग को दिन-रात कार्यवाही कर अतिक्रमण मुक्त कर दिया गया है। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के मार्गदर्शन में गौरीघाट रोड़ के अलावा शहर के अन्य क्षेत्रों में भी हुई ताबड़तोड़ कार्रवाई। इस संबंध में अतिक्रमण अधिकारी मनीष तड़से ने बताया कि सड़क किनारे बेतरतीब फैले अतिक्रमण के कारण श्रद्धालुओं को घंटों जाम से जूझना पड़ता था। विशेषकर पर्वों और महत्वपूर्ण तिथियों पर पैदल यात्रियों और वाहनों की आवाजाही कठिन हो जाती थी। नगर निगम के अतिक्रमण विभाग ने सुबह से शाम तक मुस्तैदी दिखाते हुए फुटपाथों और सड़कों को साफ कराया, जिससे अब यह मार्ग काफी चौड़ा और व्यवस्थित नजर आ रहा है। उन्होंने ये भी बताया कि इसी प्रकार मदन महल पहाड़ी, आई.टी.आई. चौक, माढ़ोताल, खेरमाई मंदिर, सुपताल से त्रिपुरी चौक तक, अहिंसा चौक से दीनदयाल चौक तक अवैध ठेले टपरे जब्त किये गए और अस्थाई टीन शेड अलग किए गए।

### बैठक में निगमायुक्त ने दिये निर्देश

निगमायुक्त ने अतिक्रमण विभाग के दल प्रभारियों की बैठक लेकर स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि यह अभियान केवल एक मार्ग तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि शहर के सभी व्यस्ततम चौराहों को व्यवस्थित कराने की मुहीम चलाई जाये। इसके साथ-साथ प्रतिदिन अलग अलग दल प्रभारियों को अलग अलग मार्गो पर भेजकर शहर के सभी मार्गो, लेफ्ट टर्न और अन्य सार्वजनिक स्थलों को अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा। पार्कों और मैदानों के आसपास से अवैध कब्जे हटाए जाएंगे। हटाए गए स्थानों पर दोबारा अतिक्रमण न हो, इसके लिए नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी। कलेक्टर एस पी और निगमायुक्त ने शहर के सभी लघु व्यापारियों एवं क्षेत्रीयजनां से अपील की है कि सड़कों के किनारे और लेफ्ट टर्न में दुकान न लगाएँ और निगम प्रशासन के अभियान को सहयोग प्रदान करें और यातायात व्यवस्था में सहयोग प्रदान करें।